# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राज्य में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त, सरकार ने आज स्कूलों को बंद रखने का दिया निर्देश, सभी उपायुक्तों को किया गया हाई अलर्ट, रांची में एनडीआरएफ तैनात।
2. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आठ राष्ट्रीय हाई स्पीड सड़क गलियारा परियोजनाओं को दी मंजूरी, 4 हजार 4 सौ 73 करोड़ की राशि से बनेगा रायपुर–रांची सड़क गलियारा।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की राज्य के अग्निवीरों की शहादत पर परिजनों को अनुग्रह राशि और नौकरी देने की घोषणा, भाजपा ने कहा– राज्यवासियों को गुमराह कर रहे हैं मुख्यमंत्री।
4. झारखंड हाईकोर्ट ने झामुमो से निष्कासित विधायक लोबिन हेम्ब्रम की सदस्यता समाप्त किये जाने के स्पीकर न्यायाधिकरण के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से किया इनकार, जेपी पटेल ने भी दायर की याचिका।
5. पेरिस ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में पहुंचे, देश के लिए पदक किया पक्का।

********************

राज्य में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। राजधानी रांची समेत राज्य के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गये हैं। कई घरों में पानी भर गया है। रांची में एनडीआरएफ की टीम को तैनात कर दिया गया है। राज्य सरकार ने एहतियाती कदम उठाते हुए राज्य के सभी स्कूलों को आज बंद रखने का आदेश जारी किया है। इस बीच राज्य के गृह विभाग की ओर से सभी उपायुक्तों को पत्र लिखकर सतर्क रहने का निर्देश दिये गये हैं। मौसम विभाग ने राज्य के ज्यादातर जिलों में आज भी लगातार तेज हवा चलने और भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

********************

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नौ सौ छत्तीस किलोमीटर लंबी आठ राष्ट्रीय हाई स्पीड सड़क गलियारा परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इनमें रायपुर–रांची राष्ट्रीय हाई स्पीड गलियारा भी शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने देश भर में लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार, भीड़भाड़ को कम करने और पहुंच बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के अग्निवीरों के शहीद होने पर उनके परिजनों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ने सदन में यह घोषणा की।

उन्होंने कहा कि राज्य के अग्निवीरों के साथ अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो राज्य सरकार अनुग्रह राशि के साथ ही उनके परिजन को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी भी देगी।

इधर, विपक्ष ने सरकार पर राज्यवासियों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री किसी भी मसले पर संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे हैं।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने झामुमो से निष्कासित विधायक लोबिन हेम्ब्रम की सदस्यता समाप्त किये जाने के स्पीकर न्यायाधिकरण के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कार्यवाहक

मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायाधीश अरुण कुमार राय की अदालत ने इस मामले में स्पीकर कोर्ट में सुनवाई से जुड़े सभी दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। इस बीच भाजपा छोड़कर कांग्रेस से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले जय प्रकाश पटेल ने भी अपनी सदस्यता रद्द किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

********************

अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले या हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सरकार ने नगद राशि देने का फैसला किया है।

********************

पेरिस ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने इतिहास रच दिया है। वे मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य भर में लगातार हो रही बारिश और विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन की कार्यवाही की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– रांची बारिश से बेहाल, एनडीआरएफ उतरी।

प्रभात खबर के शब्द हैं– भारी बारिश से कई मोहल्ले डूबे, बांधगाड़ी में उतरी एनडीआरएफ की टीम, आज स्कूल बंद।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– झारखंड में 24 घंटे से लगातार भारी बारिश, रांची में पहली बार एनडीआरएफ को उतारा, आज स्कूल बंद।

दैनिक जागरण लिखता है– रांची में चारों तरफ पानी–पानी, खतरे में जिन्दगानी।

रांची एक्सप्रेस लिखता है– मुख्यमंत्री ने मंइयां सम्मान योजना के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर कया रवाना।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने नीट यूजी पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****************